सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7548	14.07.2023	14.07.2023	Chandigarh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/chandigarh/15-cases-of-diarrhea-started-coming-daily-in-civil-hospital-after-rain-chandigarh-news-c-290-1-pkl1068-2558-2023-07-14
Title:	**15 cases of diarrhoea started coming daily in Civil Hospital after rain in Chandigarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Chandigarh, SSU- Chandigarh			

बरसाती मौसम के साथ ही पेट की बीमारियों से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पांच दिन से हो रही बारिश के बाद सेक्टर-6 सिविल अस्पताल में रोजाना डायरिया के 15 केस आने लगे हैं। इसके साथ ही उल्टी, पेटदर्द के मरीजों की संख्या भी ओपीडी में लगातार बढ़ने लगी है। इसमें मरीज सेक्टर-19, इंदिरा कॉलोनी सहित पंचकूला के अलावा बलटाना, जीरकपुर से भी आ रहे हैं। यह मरीज इमरजेंसी और एमडी मेडिसिन की ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को दवाएं देने के साथ डॉक्टरों की ओर से सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। सेक्टर-6 सिविल अस्पताल में रोज 3500 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इसमें पांच सौ मरीज एमडी मेडिसिन में इलाज के लिए आ रहे हैं। बारिश के बाद पांच दिन में डायरिया के मरीजों की संख्या सिविल अस्पताल में सौ पार हो गई है। रिकॉर्ड के मुताबिक, रोज 15 मरीज आ रहे हैं। इसके अलावा पेटदर्द, टाइफाइड, उल्टी और दस्त के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। सेक्टर -6 सिविल अस्पताल के एमडी मेडिसिन डॉ. अश्वनी भटानागर ने बताया कि जो मरीज इमरजेंसी में दाखिल हो रहे हैं, उन्हें दो दिन से दस्त व कुछ भी खाते ही उल्टी की शिकायत है। 80 फीसदी लोगों को दूषित पानी के पीने से ही पेट की बीमारी हो रही है। वीरवार को इमरजेंसी व ओपीडी में 7 व 14 साल के बच्चों को दाखिल किया गया। हालांकि इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इमरजेंसी इंचार्ज डॉ. अमरजीत सिंह ने बताया कि रात के समय ओपीडी में डायरिया के जो मरीज आ रहे हैं, उन्हें तत्काल इलाज देकर स्टेबल किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें अन्य वार्डों में शिफ्ट किया जा रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

इन बातों का रखें ध्यान
सिविल अस्पताल सेक्टर-6 के एमडी मेडिसिन डॉ. अश्वनी भटनागर ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी उबालकर पीएं। ठंडा व बासी खाना खाने से परहेज करें। बाहर के कटे हुए फल न खाएं। इसके अलावा ज्यादा तला और मसाले वाला खाना खाने से परहेज करें। पेट खराब होने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाएं। परामर्श के बाद ही दवाएं खाएं। घरेलू नुस्खे लोग बिल्कुल न अपनाएं। हालत खराब होने पर डॉक्टर को दो दिन पहले खाने पीने की हिस्ट्री जरूर बताएं।

कोट्स...
अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है। डायरिया, टाइफाइड के मरीज अधिक आ रहे हैं। इलाज करने के साथ मरीजों को बीमारी से बचाव का परामर्श दिया जा रहा है। अस्पताल की ओर से इलाज की सभी सुविधाएं दुरुस्त की गई हैं।
-डॉ. उमेश मोदी, पीएमओ, सिविल अस्पताल सेक्टर-6